S V H S PALEMAD
FIRST PRE-MODEL EXAMINATION 2022-23

MARKS:- 20
TIME:- 45 Minutes

सूचना:'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़कर 1 और 2 के उत्तर लिखिए।

> "बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है ।"
> साहिल ने कहा।
> " तुमने कुछ सुना बेला?"
> "हाँ सुना । पहली घंटी लग गई है। "
> "लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से। "

1. बेले के रिबन का रंग कौन सा है? (1)
2. इस अंश पर एक पटकथा तैयार कीजिए? (4)

अथवा

उपर्युक्त प्रसंग पर साहिल और बेला की वार्तालाप तैयार कीजिए।

सूचना : ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' टिप्पणी के अंश पढ़कर 3 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

> "व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी पहचानी रूढ़ी को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

3. ' जानने ' का असली आधार क्या है? (1)

क) नाम से जानना ख) जाति से जानना ग) हताशा से जानना घ) पते से जानना

4. कोष्ठक से उचित स्थान पर रखकर पिरमिड की पूर्ति करें। (2)

(धीरे-धीरे, अपरिचित)



' टूटा पहिया ' कविता का अंश पढ़कर 5 से 6 तक के उत्तर लिखिए।

" मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय लें।"

5. ' टूटा पहिया ' इसमें विशेषण शब्द कौन सा है? (1)

6. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखिए? (3)

' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख के अंश पढ़कर 7 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉ.कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा।और वह अकेला ही निकल पड़ता है।रास्ते में मुश्किलें है। लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।

7. ' हमनाम ' का मतलब क्या है? (1)

8. फिल्म के अंत में छोटू उर्फ कलाम का सपना साकार होता है। अपनी सफलता की बात वह डायरी में लिखता है। संभावित डायरी लिखें? (3)

अथवा

छोटू उर्फ कलाम के द्वारा डॉ. कलाम को लिखा हुआ पत्र तैयार कीजिए

' सबसे बड़ा शो मैन ' जीवनी के अंश पढ़कर 9 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गाते- गाते अचानक माँ की आवाज फटकर फुसफुसाहट में तब्दील हो गई। लोगों को लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फुसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे।

9. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें (1)

लोग चिल्लाते हैं। लोग चिल्लाने लगे।

माँ गाती है।

---

10. अप्रैल 16 चार्ली के जन्मदिन के अवसर पर आपके स्कूल चार्ली के फिल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें? (3)